भगवान 'वीरभद्र' देवाधिदेव भगवान शिव के एक अद्भुत एवं अनुठे एक मात्र ऐसे शिव गण हुए जो साक्षात रूद्र अवतार माने जाते हैं। जब भगवान शिव को माता सती के देह त्याग का पता चला तो वे अति क्रुद्ध हो उठे, उसी क्रोद्ध में उन्होंने अपनी एक जटा उखाड़ कर पृथ्वी पर दे पटकी फलस्वरूप उत्तर दिशा से विकरालरूप धारण कर के वीरभद्र प्रकट हुए। वह भगवान शिव के समक्ष हाथ जोड़कर खड़े हो गये, शिव ने दक्ष यज्ञ को विद्धवंस करने का आदेश दिया।

संसार भर में मात्र दो या तीन स्थलों पर भगवान वीरभद्र के मन्दिरों का विवरण मिलता है जिनमें **मल्लिकार्जुन स्थित श्रीसेलम ज्योतिलिंग तथा महाकालेश्वर मन्दिर उज्जैन** में श्री गनेश जी प्रतिमा के साथ गर्भ ग्रह से पहले भगवान वीरभद्र की मूर्ति है। जहाँ श्राद्धालु उन्हें कान में बताकर अपनी मुँह माँगी मुरादें पूरी करते हैं।

जम्मु क्षेत्र के राजौरी जनपथ में पौराणिक काल से निर्मित यह विश्व का एक मात्र सबसे बड़ा मन्दिर है, जो वीरभद्रेश्वर के नाम से जाना जाता है। वीरभद्रेश्वर की महिमा को अपने शब्दों में वर्णन करने का लेखक द्वारा एक तुच्छ प्रयास किया गया है। आशा ही नहीं पूर्ण विश्वास है कि भगवान वीरभद्र इसके समस्त पाठकों का सदा कल्याण करेंगें। क्यों कि इस घोर कलयुग में शिवगण का यही रूप सहज प्रसन्न हो जाता है। यहाँ कम से कम समय बैठ कर आराधना करने से व घण्टी वाधने से भगवान शीघ्र प्रसन्न हो जाते हैं। अतः यह मन्दिर घण्टियों वाले मन्दिर से भी जाना जाता है।

वीरभद्रेश्वर महिमा

एवं वरिष्ठ पूजा संग्रह

वीर भद्रेश्वर मन्दिर - डूंगी
(राजौरी- जम्मू)

लेखक

विध्या सागर शर्मा

एम० एस० सी०, एम० एड० (शिमला विश्वविद्यालय)

डी० बी० एम०

समस्ता पब्लिकेशनस् (रजि०)

जम्मू-२

वीरभद्रेश्वर महिमा

एवं वरिष्ठ पूजा संग्रह

वीर भद्रेश्वर मन्दिर - डूंगी

(राजौरी- जम्मू)

VIR-BHDRESHWAR MANDIR

DOONGI-RAJAURI

लेखक

विध्या सागर शर्मा

पब्लिकेशन्स

समस्ता पब्लिकेशन्स

३१४/१४ हजूरी बाग

बोड़ी जम्मू-१८०००२

संस्करण

प्रथम संकलन २००८

मूल्य

75 रू० मात्र

लेजर कम्पोजिंग एवं प्रिंटिंग

रामा प्रिंटर्स

न्यू दिल्ली-११०००२

समर्पण

परम पूज्ये गुरुदेव, ब्रह्मऋर्षि

बाबा दूधाधारी जी महाराज,

सन्त शिरोमनी

सन्त प्रभुदास जी महाराज

'हरिद्वार'

तथा भगवान वीर-भद्रेश्वर

के प्रति आस्था रखने

वाले समस्त श्रद्धालु वृंद

के लिए

समर्पित

विषय सूची

'पूर्व कथन'

समूचे जम्मू-कश्मीर राज्य, को असंख्य तीर्थों का समूह, भारत की **मुकुटमनी** कहलाया जाने वाला **तीर्थों का तीर्थ,** ऋषियों-मुनियों की **तपोस्थली,** ***पृथ्वी पर स्वर्ग*** एवं ***जन्नत-ए-वेनज़ीर*** जैसी अनेक संज्ञाओं से सम्बोधित किया जाता है । जहाँ *नीलमत पुराण* में कश्मीर को **भगवती कश्मीरा** का साक्षात रूप माना गया है । वहीं इसी नीलमत पुराण में कश्मीर को ***वितस्ता, उमा, विशोका*** *(वेश्व)* ***माँ क्षीर-भवानी*** तथा *लक्ष्मी* का साकार रूप माना गया है ।

महाकवि **कालीदास** ने तो **हिमालय** को **देवात्मा** अर्थात् दिव्य आत्माओं की निवास-स्थली माना है तथा उसकी समस्त चोटियों व उनकी उपत्यिकाओं में अनेक ऋषियों-मुनियों' ने कठिन तपस्याएं कीं तथा मुक्ति को प्राप्त हुए ।

उतराँचल में जहाँ *हरिद्वार, ऋषिकेश, केदारनाथ, बद्रीनाथ* आदि तीर्थ-स्थल हैं, वहीं भारत का शीर्ष-प्रदेश कहलाए जाने वाले जम्मू कश्मीर के सुदूर उतर-पूर्व में हिन्दुओं का सर्वोच्च तीर्थ-स्थल **कैलाश-मानसरोवर,** कश्मीर में **बाबा अमरनाथ** जी की गुफा, माता **क्षीर-भवानी, शंकराचार्य का मन्दिर, चरारे शरीफ** जैसे अनेक तीर्थ-स्थल हैं, वहीं जम्मु को भी वेदों पुराणों एवं विभिन्न ग्रन्थों में **जम्मू-द्वीप** की संज्ञा दी गई है ।

''जम्बू द्वीपे भारत खण्डे, आर्य वर्तक क्षेत्रे ॥''

इस श्लोक ने जम्मू की अध्यात्मिक महत्ता को प्रमाणित किया है । जम्मू के अंतरगत तीर्थ-स्थलों में विश्व प्रसिद्ध ३३ करोड़ देवी-देवताओं वाला ''रघुनाथ जी का मन्दिर'', **रण्वीरेश्वर** शिव-मन्दिर, **बाहुवे** में **काली माता का मन्दिर, पीर-खोह, मोहमाया माता** का

मन्दिर तथा **जम्मू से मात्र ४८ कि.मी.** की दूरी पर कटड़ा के निकट शिवालिक पर्वत-श्रृंखला के मध्य त्रिकुटा पर्वत की चोटी पर स्थित पिण्डी रूप में विराजमान **माता वैष्णो** देवी जी की पवित्र गुफा, **चनैनी** (मानतलाई) के निकट सुद्धमहादेव का प्राचीन मंदिर परिसर । साँबा में **चीची माता** का मंदिर, बिलावर में **सुकराला माता,** जिला डोडा स्थित मचेल में **चण्डी माता** का भव्य तीर्थ, **भद्रवाह** के निकट **कैलाश-कुण्ड,** पुँछ में **बुड्डे अमरनाथ जी** व **गुरुद्वारा नंगाली साहब** आदि उल्लेखनीय हैं। जिला राजौरी के ऐतिहासिक स्थलों जैसे डण्नीधार का किला, **चिंगस** का किला, **पंजनाड़ा** में पाँडवों का मन्दिर, **कालाकोट में 'मनमा माता' की गुफा,** थन्ना मण्डी के निकट **शाहदरा-शरीफ,** **चन्नी** (सुन्दरबनी) का एतिहासिक **रघुनाथ मन्दिर,** नौशहरा में **मंगला देवी** किला, पाँच गुफाओं वाला **मंगला माता** का शक्ति स्थल एवं **वीर-भद्रेश्वर शिव गण** की **विश्राम स्थली** अति उल्लेखनीय है । आप के कर कमलों में सुशोभित इस लघु पुस्तिका द्वारा इसी विचित्र, दुर्लभ, शाँत एवं अदभुत-अध्यात्मिक स्थली का संक्षिप्त विवरण देने का एक तुच्छ प्रयास किया गया है । जो इस प्रत्यक्ष तीर्थ-स्थल पर बार-बार जाकर स्वयं अनुभव कर अनेक महात्माओं तथा यहाँ के स्थानीय श्रद्धालुओं से भेंट वारता के फलस्वरूप इस लघु कथा द्वारा वीर-भद्रेश्वर शिव-गण की महिमा का गुणगान करने के उद्देश्य से इसे प्रकाशित करवाने का प्रयास किया है । आशा है कि आप को अच्छी लगेगी । साथ ही भाग दो में छोटे-छोटे मन्त्रों की सहायता से कुछ संक्षिप्त एवं प्रत्यक्ष-प्रमाणित अभ्यासों का भी उल्लेख किया है । लेखन में अनेक त्रुटियों के लिए क्षमा याचना करते हुए, मैं उन सभी सम्बन्धित व्यक्तियों का

जिनकी मद्द से मैं इस पुस्तिका को लिख पाने में सफल हुआ, का तयदिल से आभार प्रकट करता हूँ । पाक अधिकृत कश्मीर के बार्डर के साथ सटा यह मन्दिर शिवालिक पर्वत श्रृंखला के पश्चिमी छोर पर वीरभद्रेश्वर नामी चोटी पर स्थित है। वीरभद्र, 'महावीर हनुमान' की तरह अथाह शक्ति शाली एवं प्रत्यक्ष देवता माना जाता है। मैं इस पुस्तिका को सम्पन्न करवाने वाले सभी सज्जनों, महानुभावों जैसे श्री कृष्णलाल सूदन (प्रधानाचार्य), श्री भोलाराम शर्मा (मुख्याध्यापक), श्री विश्वामित्र व श्री अशोक कुमार एवं श्री तिल्कराज शर्मा एसिस्टेन्टस,पं० सुरेश कुमार जी, श्री यशपाल जी सरसोनिया (ज्योतिषाचार्य), श्री सुनील कुमार शर्मा जी एवं अविनाश कुमार मिश्रा जी का अभारी हूँ। अन्त में हमारे सुपुत्र धीरज शर्मा व इजी० प्रशान्त सागर का भी धन्यवादी हूँ जिन्होंने मेरी सहायता की है। अन्त्तोगत्वा मैं अपनी धर्मपत्नी श्रीमति स्वर्ण कान्ता शर्मा का आभार प्रकट करता हुँ जिन्होंने इस पुस्तक के कम्प्यूटरीकरन में मेरी सहायता की है । जिस के बिना मेरा प्रत्येक प्रयास निरर्थक हो कर रह जाता। अन्त में इन शब्दों के साथे मै आपसे विदा लेता हूँ।

''तू शाही है परवाज है काम तेरा, तेरे सामने आसमान और भी हैं।
इसी रोज़े-शव में उलझकर न रहना, तेरे सामने इम्तिहान और भी हैं।''

जून २००८

विध्या सागर शर्मा
प्राधानाचार्य
३१४/१४हजूरी बाग,
बोड़ी (जम्मू)
E-mail-vidhyasagarsharma@rediffmail.com
erprashantsagar@gmail.com

भाग - एक

वीर-भद्रेश्वर महिमा

वीर-भद्रेश्वर-मन्दिर डूंगी *'राजौरी'*

''जम्मू-कश्मीर का एक मात्र शांत, अद्‌भुत, एवं अति विचित्र तीर्थ स्थल''

पौराणिक तथ्यः- शिव-महापुराण के अनुसार वीर-भद्रेश्वर की उत्पति की कथा देवादि देव भगवान शिव तथा राजा दक्ष की पुत्री माता सति के साथ जुड़ी हुई है। जिन का शास्त्रों मे अनेक स्थानों से प्रसांगिक प्रमाण मिलता है।

ॐ भद्रंकर्णोभिः श्रणुयाम देवा,
भद्रं पृयेमाक्षभिर्यः जत्राः ।
स्थिरै रंगेस्तुष्टुवाँ सरतनूभिर्व्य,
शेमहि देवहितं यदायुः ॥१॥
ॐ भद्रो नो अग्निराहुतो भद्रा रातिः

सुभगं भद्रो अध्वरः भद्रा उत प्रशस्तयः ॥२॥

अर्थात्: हे मानव अग्नि की तरह रोष (गुस्सा) मत करो । जो मानव संतुलित रहता है वही अच्छा (सुभग) पुरुष है और वह सभी पुरुषों में प्रशंसनीय होता हैं । विशेषतया महान पुरुष को न अधिक शान्त रहना चाहिए और न अधिक आग बबूला होना चाहिए । अर्थात् अपने मन मस्तिष्क (दिमाग) को संतुलन में रखना चाहिए ।

उल्लेखनीय है कि माता सति के पिता **राजा दक्ष** ने **कनखल** तीर्थ हरिद्वार में विशाल यज्ञ का आयोजन किया जिसमें भगवान ब्रम्हा तथा विष्णु सहित संसार के सभी देवी-देवताओं को आमंत्रित किया परन्तु अपने जामाता देवादि देव भगवान शिव को किसी पूर्व प्रासंगिक कारण उस अश्वमेधयज्ञ के लिए निमंत्रण नहीं भेजा। माता सति से अपने पति का यह अपमान सहन नहीं हुआ और उसने अपने आप को राजा दक्ष द्वारा आयोजित उस हवन कुण्ड की अग्नि के हवाले कर मृत्यु को प्राप्त हो गई।

वीर भद्र का प्राकटय एवं दक्ष-यज्ञ-विध्वंस

माता सती के अग्नी प्रवेश का दुखःद समाचार जब कैलाश पर्वत पर ध्यानास्थ भगवान शिव को मिला तो वह क्रोधित हो उठे लोक संहारी रूद्र ने अपने सिर से एक जटा उखाड़ कर धरती पर दे पटकी। उस जटा के दो टुकड़े हो गये तथा महांभयंकर शब्द हुआ। कहा जाता है कि उसी जटा के उत्तरी किनारे से अति क्रुद्ध रुद्र-रूप **वीर-भद्र** प्रकट हुए और दक्षिणी किनारे से **माता भद्रकाली** का अवतार हुआ।

वीर भद्र ने भगवान शिव को प्रणाम करके कहा

वीर-भद्रेश्वर ने दोनों हाथ जोड़ कर भगवान शिव से आदेश माँगा और कहा 'हे महारूद्र! मुझे शीघ्र

आज्ञा दें इस समय मुझे कौन सा कार्य करना होगा। आपकी कृपा से मै आधे ही क्षण में सारे समुद्र को सूखा सकता हूँ तथा सम्पूर्ण पर्वतों को पीस सकता हूह महेश्वर मै एक ही क्षण में सारे ब्रह्मण्ड को जला कर भस्म कर सकता हूँ। प्रभो मेरे अन्दर जो शक्ति है यह आपकी कृपा से प्राप्त हुई है अतः आप मुझे शीघ्र आदेशदें'।

भगवान शिव ने कहाः-

'वीर भद्र! ब्रम्हा जी का पुत्र दक्ष बड़ा ही दुष्ट हो चुका है। उस मूर्ख को बहुत घमण्ड हो गया है। तुम उसके यज्ञ का विध्वंस करके उसमें भाग लेने वाले सभी लोगों को यथोचित दण्ड दो शीघ्र मेरे पास लौट आओ यदि कोई तुम्हारा विरोध करे तो उसे जला कर भष्म कर दो और यज्ञ कलश के सारे जल को पी जाना।

अतः अपने स्वामी भगवान शिव के आदेशानुसार वीर भद्र समस्त शिव गणों के साथ दक्ष यज्ञ में पहुचे वहाँ उपस्तिथ देव गणों को अपने तीखे बाणों की चोट से घायल करने लगे जिससे समस्त देवता इधर-उधर दशों दिशाओं मे भागने लगे। इस भयंकर रूद्र रूप को देखकर सभी देवता भयभीत हो गये उन्होंने कई मुनियों तथा देवताओं के अंग-भंग कर दिये प्रतापी वीर भद्र ने भृगु को उठा कर पटक दिया तथा उनकी दाड़ी मूंछ नोच ली। उन्होंने पूषाके दाँत उखाड़ लिए क्यों कि दक्ष महादेव को गालियाँ दे रहे थे तब पूषा दाँत दिखाकर हँस रहे थे। नन्दी ने रोष पूर्वक भग को पृथ्वी पर पटक दिया व उनकी आँखें फोड़ दी। दक्ष भय के मारे भीतर छिप गये। भीर भद्र ने उनको घसीटकर बाहर लाया व दक्ष का शिर काट कर धड़ से अलग कर दिया और वह हवन कुण्ड में गिर कर भस्म हो

गया। इसी बीच भगवान शिव भी वहाँ आ पहुँचे सभी देवताओं के अनुरोध पर दक्ष को जीवित करने के उद्देश्य से भगवान शिव ने बकरे का सर काट कर दक्ष को लगा दिया तब वे बम-बम......शब्द पुकारने लगे। तब ब्रह्मा जी ने उनकी वानी को ठीक किया। राजा दक्ष को अपने किये पर बहुत पछतावा हुआ। तब वीरभद्र ने वायु मार्ग से कैलाश की ओर प्रस्थान किया। यह एक स्थानीय मान्यता है कि रास्ते में थकान के कारणवश हिमालय की उत्तर-पश्चिमी तराई भाग की इस चोटी पर कुछ काल के लिए **वीरभद्र** ने विश्राम किया । तत्क्षण इस स्थान पर एक बहुत विशाल शिला को मंदिर का सा आकार देकर समर्पित किया और कुछ देर यहां विश्राम कर अपने आराध्य देव **भगवान शिव** का ध्यान किया । इसके बाद समय-२ पर अनेक साधु-संत वन विचरन करते-२ इस मंदिर रुपी मठ में आते और ध्यान तथा योग विद्या का अभ्यास करते रहे। कईयों ने तो सारा- सारा जीवन यहीं बिता दिया।

एक अन्य मान्यता अनुसार पांडवों ने भी अपनी हिमालय यात्रा के दौरान इस शिला रुपी मंदिर का निर्माण एक ही रात्री में कर दिया । (भगवान शिव दारा दक्ष यज्ञ को पूर्ण करवाने का प्रसंग पृष्ठ सं० ६१ पर देखें)

ऐतिहासिक तथ्य :- वीर-भद्रेश्वर मठ के निर्माण के पौराणिक इतिहास के साथ-२ करीब २१०० वर्ष पुराना अर्थात् सन 141 ई. का कनिष्क काल का ऐतिहासिक तथ्य यहां के शिलालेखों से प्रमाणित होता है । पेशावर (पंजाव) से कश्मीर तक कनिष्क काल में अनेक मंदिरों तथा बौद्ध मठों का निर्माण हुआ है । ***कंसपुरा*** (कश्मीर) स्थित हारवन बाग के निकट ***कुण्डल-वन*** में कनिष्क

काल के समय एक विशाल अध्यात्मिक सभा का आयोजन हुआ जिस में करीब ५०० भिक्षुओं ने भाग लिया । इस में बौद्ध मत दो भागों में बंट गया । एक हीनयान मत और दूसरा महायान मत हुआ। हीनयान मूर्ति पूजा के विरुद्ध था । परन्तु महायान मत के अनुयाइओं ने अनेक बौद्ध-मंदिर तथा भवन बनवाए और वहां पूजा प्रारम्भ करवाई । कनिष्क *बिन्दुसार* के पुत्र ***सम्राट अशोक*** के बाद के काल में बौद्ध मत का अनुयायी बना । यह महांयान मत से सम्बन्ध रखता था। महांयान मत के लोग बौद्ध को देवता का स्थान देते थे और देवताओं की पूजा करते थे । यह 'पाली' भाषा के स्थान पर संस्कृत भाषा का अधिक प्रयोग करने लगे । कनिष्क को कला एंव साहित्य में बहुत रुची थी । इन के काल में साहित्य में आयुर्वेद के प्रसिद्ध विद्वान **चरक** हुए जिन्होंने **चरक-सहिता** लिखी। उसी काल के अन्य, सुप्रसिद्ध लेखक **नागाअर्जुन अश्वघोष** तथा **वसुमित्र** हुए । अश्वघोष ने **बौद्ध-चरित्र** के कई अन्य ग्रंन्थ भी लिखे । कला के क्षेत्र में भी कनिष्क की बड़ी अधिक रुचि रही जिसकी जीती जागती मिसाल कश्मीर में अनेक मूर्तियों तथा कलाकृतियों से प्रकट होती है । जिन में **राजौरी का वीर-भद्रेश्वर मठ** एवं मंदिर परिसर तथा कनिष्क की अपनी राजधानी **पुष्पपुरा-(पेशावर)** में ४०० फुट ऊँचा एक स्मारक अति उल्लेखनीय है जिस के नीचे बौद्ध के कई विशेष चिन्ह आज भी देखने को मिलते हैं । इसके अतिरिक्त **कन्धार-(अफगानिस्तान)** में बौद्ध की अनेकों विशाल प्रतिमाएं बनवाई जिनमें से कुछ एक का बिध्वंस पिछले कुछ एक वर्षों में तालिबान कटरपंथियों ने किया है। एक लोक श्रुति के अनुसार इन विश्व स्तरीय आध्यात्मिक स्थलों को क्षति पहुँचाने के फलस्वरूप

अफगानिस्तान में जान और माल व राजनीतिक उथल पथल का सामना करना पड़ा है।

320 ए.डी. से 540ए.डी.तक का इतिहास :- वीर-भद्रेश्वर-मठ में कनिष्क काल के बाद ३२० से ५४० ई. तक गुप्त एवं हूण जाती के अनेक हिन्दू सन्तों एवं महन्तों नें इस मठ में तथा इस के आस पास के

अनेक स्थलों पर अपना अधिकतर समय विताया जिन में **नौशहरा स्थित मंगला माता** का गुफानुमा मंन्दिर, **मंगलादेवी** का किला, वीर भद्रेश्वर के ठीक पश्चिम दिशा में पाक अधिकृत कब्जे बाले **खुईरट्टा** में **माता-रंजोती का मठ** तथा इसी दिशा में थोड़ा और आगे **बाण-गंगा** की चोटी पर स्थित **बाण-गंगा आश्रम** अति उल्लेखनीय है । कहा जाता है कि हूण जाती के लोग महायानियों से ही परिवर्तित हुए और इन्होंने अनेक बौद्ध मंदिरों को गिरवा कर हिन्दू धर्म के मंन्दिरों में परिवर्तित किया । जिन का प्रमाण **वीर-भद्रेश्वर** में मिलता है ।

अवस्थिति:- वीर-भद्रेश्वर मठ जम्मू-कश्मीर राज्य के राजौरी जनपद के अंन्तर्गत समुद्र तल से ६५७० फुट की ऊँचाई पर स्थित है । यह मठ राजौरी से करीब ६० कि.मी. की दूरी पर, अथवा जम्मू-काश्मीर की **शीत कालीन राजधानी** जम्मू से १८० कि.मी. की दूरी पर एक ऊँची अति प्राकृतिक एवं सुन्दर पर्वत श्रृंखला पर स्थित है । जम्मू से राजौरी अथवा पुंछ की ओर जाते हुए लगभग १०० कि.मी. की दूरी पर **चिंगस** गांव में मुगल सम्राट **जहांगीर** का एक स्मारक तथा सराय आती है, इस के ठीक १० कि.मी. आगे चलकर कल्लर से एक सड़क मार्ग पश्चिम की ओर निकलता है । ४५

कि.मी. का पर्वतीय मार्ग ऊँचे घने चीड़ के वृक्षों के बीचों-बीच साँप सदृश वल खाता यह सड़क मार्ग अति सुहावना एवं मनमोहक प्रतीत होता है ।

कल्लर से दो कि.मी. के बाद **आर्मी कार्पस बेसिक स्कूल** व कैम्प क्षेत्र को पार कर के **डूंगी-ब्लाक** प्रारम्भ हो जाता है । यहां पर एक **प्राईमरी स्वास्थ केन्द्र** है । **हायर सकेंडरी स्कूल** एवं **हाईस्कूल** तथा अन्य छोटे-मोटे कार्यालय जैसे **बैंक, डाकखाना** आदि निर्मित हैं (हाल ही में डूंगी क्षेत्र को ब्लाक का दर्जा देने की घोषणा की गयी है।) इस से आगे **केरी-क्षेत्र** प्रारम्भ होता है । यहां हरे-हरे खेतों तथा निम्न वर्ग के किसानों के घर यदा कदा दिखाई पड़ते हैं । इस के आगे केरी पुल को पार करके **शाहपुर, डूंगी** मनियालां जैसे छोटे-छोटे गांव आते हैं । इसके बाद **चिट्टी-बकरी** तथा **रटल-बसाली** नाम से दो महत्तवपूर्ण गांव हैं, यहाँ अधिकतर **गुज्जर** एवं **बकरवाल** लोग रहते हैं । दूघ, मक्खन, घी अदि यहाँ पर्याप्त मात्रा में उपलव्ध होता है ।

केरी से १० कि.मी. चिटटी बकरी से एक नव निर्मित सड़क पुंछ की ओर जाती है जो बी.जी. "**भिम्बर-गली**" में जाकर मिलती है । इस मार्ग के पूर्ण रूप से निर्मित होने पर जम्मू से पुंछ का फासला ४० कि.मी. कम हो जाएगा । केरी से २८ कि.मी. की दूरी पर **बारात-गला** नाम का एक गांव है । प्राचीन काल में जब ***पुंछ-कश्मीर*** अथवा ***पेशावर मुजफराबाद, मीरपुर कोटली*** से पैदल आने जाने वाली बारातें यहां रात भर के लिए रुका करती थी । इसी कारण इस स्थान का नाम **बारात-गला** पड़ा है ।

यह स्थान पत्नी-टाप से मिलता जुलता है । यहाँ से पी.ओ.के. मात्र ३०० गज की दूरी पर है । इस स्थान पर पानी के छोटे-बड़े चश्मे तथा खुबानी के बगीचे

काफी अधिक मात्रा में पाए जाते हैं। यहाँ बी.आर.ओ. द्वारा निर्मित एक गैस्ट-हाउस भी है । यहाँ पर आर्मी का बेस कैम्प भी है। वीर-भद्रेश्वर से ५ कि.मी. पहले *ठण्डी-कस्सी* गांव आता है । यहाँ एक बहुत बड़ा मैदान है जो **पड़ां-कोटली** के नाम से सुप्रसिद्ध है। यहाँ पर लोग व्यापार के लिए अच्छी-२ नस्ल की गाये, बैल, भैंस आदि बेचने के लिए लाते थे और यहाँ से खरीद कर भी ले जाते थे। यह परम्परा प्राचीन काल से चली आ रही है।

ठण्ठी कस्सी से एक अन्य नव निर्मित मार्ग **लाम-लड़ौका** से होता हुआ पुंछ को नौशहरा से जोड़ता है । इस का निर्माण होने पर जम्मू से पुंछ व रास्ता **झंगड़ (बैरी-पत्तन)** मात्र १९० कि.मी. रह जाएगा। ठण्डी कस्सी से ही ५ कि.मी. वीर भद्रेश्वर का सीढ़ीनुमा क्षेत्र प्रारम्भ हो जाता है और दूर से ही ऊँची चोटी पर से घन्टियों की लम्बी-२ कतारों की फैन्सिग के मध्य एक अद्भुत प्राचीन **वीर-भद्रेश्वर मन्दिर** तथा इस के निकट अन्य छोटे-२ मन्दिरों का समूह दिखाई देता है । यह एक मात्र सर्वाधिक शान्त एवं सर्वमान्य प्राचीन अध यात्मिक स्थल है । यहाँ पर आए प्रत्येक श्रद्धालु की मन्नतें पूरी होती हैं और वह सब लोग अपनी मन्नत पूरी हो जाने पर पुणः यहां आ कर घण्टी बांधते हैं तथा हलवा प्रसाद आदि चढ़ाते हैं ।

प्रतिमाओं की जानकारी :- इस मन्दिर के अन्दर की प्रतिमाओं में निम्न अति उल्लेखनीय हैं । १- नंदी-गण, २- डेढ फुट ऊँचा शिवलिंग, ३- ५० कि. वजन की वीर-भद्रेश्वर की प्रतिमा जिसके साथ अद्कटे सीस में राजा दक्ष तथा रानी मेंनका की लघु प्रतिमाएं हैं । ४- साड़े तीन फुट ऊँची भगवान शिव की प्रतिमा, ५-काली माता की मूर्ती, ६-शेष नाग, ७-नटराज की प्रतिमा,८-पांडवों

की समाधियां, ९-भैरों नाथ की मूर्ती, १०-इस मठ के सर्व श्रेष्ठ महन्त बाबा गोदड़ नाथ की समाधि, ११- कुछ अन्य साधुओं की समाधियाँ, १२-अनेक शिला रूपी कलाकृतियों के अतिरिक्त इस मन्दिर परीसर में ५० से १०० कि. वज़न के पत्थर रूपी बुगदर जो प्राचीन क्रीड़ा के काम आते थे, इस मठ के प्रांगन में मौजूद हैं।

वीर-वद्रेश्वर शिवलिंग की स्थापना:- इस प्राचीन मन्दिर की मुख्य दीवार पर खुदे शिलालेख के अनुसार सन् १४१ई. में बौद्ध-भिक्षु कणिष्क द्वारा इस मन्दिर का निर्माण हुआ । तद्‌ोपरांत १९४७ की लड़ाई के दौरान इस मन्दिर को काफी क्षति पहुँचाई गई। बाद में भारतीय फौज द्वारा सन् १९५५ में इसे पुण: व्यवस्थित किया गया । इसमें एक भव्य शिवलिंग की स्थापना १० दिसम्बर १९८४ को **ले.कर्नल प्रेम प्रताप सिंह** क्षत्रीय तथा ८ गार्डस के तीन **महावीरचक्र विजेता** अफसरों द्वारा की गई ।

इस प्राचीन तीर्थ-स्थल पर *आषाढ़-पूर्णिमा* के दिन एक विशाल *'मेल'* का आयोजन किया जाता है, जिसमें आस-पास के अनेक गाँवों तथा राजौरी शहर के अनेक परिवारों के सदस्य श्रद्धापूर्वक वर्त रखते व विशाल भण्डारे का आयोजन करते हैं । अनेक परिवार अपने छोटे बच्चों का *मुण्डन संस्कार* इत्यादि इसी स्थल पर करते हैं।

८०० कनाल क्षेत्र की जगीर आस-पास के अनेक क्षेत्रों जैसे *भिम्बर, प्यालां, भंडालां व झंगड़* आदि के क्षेत्रों में फैली हुई है। २०० कनाल की एक अन्य गद्धी इसी से अलग होकर भण्डाला क्षेत्र में स्थापित की गई है। लगभग १३ कनाल का क्षेत्र *केरी आर्मी-ग्राऊँड* में शामिल है । इस गद्धी के कई गुरु समय-२ पर होते रहे। कुछ काल के लिए पं० बदरी नाथ तथा पं० वेद

शर्मा (राजौरी निवासी) इस मन्दिर परिसर की देख-रेख करते रहे हैं। कुछ समय के लिए फौज द्वारा पं० सुरेश कुमार को पुजारी नियुक्त किया गया। आजकल सिक्ख रेजिमेण्ट के जवान ही यहां की व्यवस्था करते हैं।

वीर-भद्रेश्वर से दिखने वाले अन्य महत्वपूर्ण स्थलः- राजौरी पुंछ क्षेत्र के इस अति विचित्र मन्दिर परिसर के प्रांगन में खड़े हो कर दूर-२ तक नजर दौड़ाने से अनेकों प्राकृतिक एवं स्वागींक दृश्यों के अतिरिक्त यहाँ से पूर्व दिशा में **माता वैष्णों** वाली **त्रिकुटा पर्वत श्रृंखला** के मध्य माता का भव्य मन्दिर परिसर व **भैंरो घाटी** दिखाई देते हैं । दक्षिण की ओर सीड़ी नुमा **किला-दरहाल, मंगला देवी** का किला **मंगला-माता** झंगड़ तथा पश्चिम की ओर पी.ओ.के. स्थित पीर पंचाल की करजाई घाटी में **माता रंजौती, बाण-गंगा** तथा **नंदा-देवी पर्वत श्रृंखला** के अतिरिक्त कई रमणीक स्थल देखने को मिलते हैं । इस मन्दिर के दाईं ओर स्वच्छ एवं मीठे जल के अनेक छोटे-२ स्रोत मौजूद हैं। इस के पश्चिम की ओर एक अति स्वच्छ जल-कुण्ड हैं जो आस पास के कई गावों की सिंचाई के लिए पानी उपलव्ध कराता है और अति स्वस्थ वर्धक स्थल माना जाता है। इस के अतिरिक्त अनेक क्षेत्र जैसे **खुई-रटटा वैली, लंगर, प्यालां, खमांह, माई-मंगलां, खड्डु-मौचियां, खड्डु-ब्रह्मणा, मीरपुर, कोटली, मंगला-डैम** तथा **भिम्बर शहर** साफ-२ दिखाई पड़ते हैं। पूर्णिमाँ की चाँदनी रातों में एक विशाल अजगर के सदृश बल खाती हुई जेहलम नदी का अति प्राकृतिक स्त्राव मन की गहराईओं तक छू लेने वाले अलौकिक दृश्यों का आभास करवाते हैं। यहां से मुज़फराबाद के निकट के दो विशिष्ट सिद्ध-पीठ, बाण-गंगा एवं माता-रंजोती यहां से साफ-२ दिखाई देते हैं।

वीर-भद्रेशवर मठ के रहस्यमयी चमत्कार :- वीर-भद्रेशवर क्षेत्र में सिद्ध बाबा **गोधड़-नाथ** के अत्यन्त चम्तकार सुनने में आते हैं । कहा जाता है कि अंग्रेज सरकार को जब इस चमत्कारी स्थल की विशेषता का आभास हुआ तो उन्होंने यहां पर एक फौजी छावनी बनाने के लिए इस मठ पर चढ़ाई कर इसे अपने कब्जे में लेना चाहा और घोंडों आदि सहित पूरी फौज की टुकडी को यहां चड़ाई करने के लिए भेज दिया। उधर बाबा गोधड़-नाथ जी को अपनी योग शक्ति एवं दिव्य-दृष्टी से यह ज्ञात हो गया कि यहां कुछ गोरे लोग आकर गोमांस आदि का सेवन कर इस स्थान की पवित्रता को भंग करने वाले हैं। इस से पूर्व कि वह इस दिव्य स्थान पर पहुंच पाए बाबा गोधड़-नाथ ने अपनी योग माया से सारी की सारी फौज को गिरा दिया और घोड़ों सहित अधिकाँश फौज ऊपर पहुंचने से पहले ही समाप्त हो गई। कुछ लोगों का कहना है कि यह अँग्रेजी फौज यहीं पर शिल-पत्थर बन गई जिस की प्रतिमाएं आज भी जल स्रोत के निकट देखने को मिलती हैं। यह भी कहा जाता है कि उस योगी ने जल देवता के आगे प्रार्थना की कि इस जल की पवित्रता एवं प्रशंसा के कारण ही यह लोग यहां पर आ रहे हैं। यह लोग इसे प्रदूषित करेंगे । अतः उन्होंने जल स्रोत के ऊपर चक्की का पुड़ रख दिया । जिससे केवल मठ को जितना जल प्रयाप्त था रह गया बाकी सारा जल स्रोत गुप्त हो कर किसी अन्य स्थान से प्रकट हो गया । कहा जाता है कि इसी जल ने यहां से करीव ५-६ कि.मि. पश्चिम की ओर से एक झरने का रूप धारण कर लिया । इस पूरी बर्तानिया फौज के दो अफसर बचे । तब उन्होंने कुछ राशन और चांदी के

रुपये आदि व प्रतिदिन का खर्च कई टीन तेल, रुई आदि यहां देना प्रारम्भ कर दिया।

बाण-गंगा का मंदिर परिसर :- जिस प्रकार इस मठ पर गोधड़-नाथ जी के चमत्कारों की चर्चा थी ठीक इसी प्रकार यहां से पश्चिम की ओर खुई-रटटा के निकट बाण-गंगा की चोटी पर एक अन्य सिद्ध-पुरुष **बाबा काशी दास** जी की चर्चा दूर-२ तक फैली हुई थी और आस पास के अनेक हिन्दू गावों के लोग इन्हें अपना कुल गुरु मानते थे तथा उनको १००८ साधुओं की संज्ञा दी जाती थी। कहा जाता है कि एक बार इसी क्षेत्र के कुछ यात्री कुम्भ पर्व पर गंगा-स्नान के लिए हरिद्वार जा रहे थे। महात्मा जी उन की यात्रा के उद्धेश्य को अपनी दिव्य-शक्ति द्वारा समझ गए और उन्हें यह ज्ञात हो गया कि यह बेचारे उस स्थान पर **कुम्भ स्नान** के मुहूरत के समाप्त होने तक पहुँचने में अस्मर्थ हैं। अतः महात्मा जी ने भगवती गंगा का आह्वान किया और उसी स्थान पर बाण मार कर गंगा मैया को प्रकट कर दिया। उसी स्थान पर अपने उन भक्तों को कुम्भ स्नान करवाने का चमत्कार करने के उपरान्त उस स्थान का नाम बाण-गंगा पड़ गया।

यहां पर प्राचीन काल से बैसाखी का भव्य मेला तथा दंगल आदि का आयोजन होता रहा है। कहा जाता है कि बाबा काशी दास जी जो बाद में काशी गिरी के नाम से जाने जाते रहे हैं, के साथ एक विराट **बाबा भैरों नाथ,** एक **सिंह** तथा एक **इच्छा-धारी नाग** (शेष-नाग) सदा ही उनकी ध्यान-समाधि के दौरान अंग रक्षक बन कर रहते थे। जिन्हें सवा लाख सेवकों के गुरु होने का वरदान प्राप्त था। एक मान्यता अनुसार यह पाँचों वरदान उन्हें जम्मू की पवित्र शिव-खोड़ी गुफा के बाद, कई वर्षों **श्री अमरनाथ जी** की गुफा में

तपस्या करने के उपरान्त साक्षात भगवान शिव जी ने दर्शन देकर स्वयं दिये थे ।

माता रंजोती का मन्दिर :- बाण-गंगा के उतर की ओर पर्वत श्रृंखला में रंजोती कुट पर माता रंजोती का भव्य मंदिर परिसर आज भी वहां मुस्लिम निवासियों के लिए एक रहस्यमयी पूजनीय स्थली है । यह एक **अदृश्य-मन्दिर** है। जिस का दृष्टांत माता-रंजोती ने प्राचीन काल में वहां के किसी निवासी को दिया - कि जिन के यहां संतान की उत्पत्ति न हो वह उस स्थान पर आ कर प्रतिज्ञा करें तो उन की मनोकामना पूर्ण होगी । अतः आज भी वहां के मुस्लिम लोग उस भव्य मंन्दिर परिसर में आकर अपने बच्चों के मुन्डन संस्कार आदि करवाते हैं। इसी कारण इस स्थान का नाम बिगाड़ कर माता रंजोटी कर दिया गया है।

इस के अतिरिक्त वीर-भद्रेश्वर मठ के मंदिर परिसर में किसी विशेष अवसर जैसे **शिव-रात्री** आदि पर ***बुड्डे अमरनाथ*** तथा ***बाबा अमरनाथ*** की तरह एक भव्य ***कबूतरों*** के जोड़े के दर्शन होते हैं। इस मंदिर में १० मिन्ट बैठ कर ध्यान लगाने से जितनी शान्ति एवं आनन्द का अनुभव होता है शायद ही किसी अन्य स्थान पर होता हो ।

किस प्रकार वीर-भद्रेश्वर नाम पीर-बडेसर पड़ा:- एक किंवदन्ति अनुसार वीर-भद्रेश्वर की चोटी पर समुद्र तल से ४५३२ फुट की ऊँचाई पर एक गांव **गरन** व्यवस्थित है । इस गांव का मुखिया बड़ा दयालु और नेक इन्सान था । उस का इकलौता बेटा बचपन से ही चलने फिरने में अस्मर्थ था और सदा चारपाई पर पड़ा रहता था । बच्चे की इस दशा के कारण मुखिया बड़ा दुःखी रहता था । उस की तन्दरुस्ती के लिए कई स्थानों पर मन्नतें मांगने के उपरान्त वह विधिवत

वीर-भद्रेश्वर के मठ पर जाने लगा और वहां नित्यप्रति ईबादत करने लगा ।

एक दिन अचानक मुखिया तथा उसके घर के सभी सदस्य दूर किसी काम के लिए गए हुए थे । बेटा अकेला बरामदे में एक चारपाई पर पड़ा था उस ने देखा कि एक अद्‌भुत भयानक जंगली जानवर उछल कूद करता हुआ उस की ओर आ रहा था । लड़का घबराहट में आकर उछल कर अंदर गया और दरवाजे के पीछे रखे एक तेज औज़ार से उस पशु पर वार किया और देखते ही देखते वह भयानक पशु अन्तर्धयान हो गया। इस घटना के बाद बालक बिल्कुल

ठीक होकर चलने फिरने लगा । जब मुखिया व उसके परिवार वाले वापिस घर लौटे तो यह चमत्कार देखकर अति प्रसन्न एवं आश्चर्य-चकित हो उठे। मुखिया ने यह घटना गांव वालों को सुनाई। वह अपने घर के सभी सदस्यों तथा गांव वालों को साथ लेकर वीर-भद्रेश्वर मठ पर गया और घी, गुड़, चावल, आटा, दालें आदि सभी समग्री ले जाकर एक भव्य भण्डारे का आयोजन किया और सभी के सामने इस मंदिर में विनती की कि *"हे बाबा आप कईयो के लिए देवता या गुरु तथा सिद्ध संत हो, परन्तु मेरे लिए आप एक महान पीर हैं"* आप धन्य हो । आप ने मेरे तथा मेरे समस्त परिवार के ऊपर बहुत बड़ी कृपा की है। हम आप के सदैव आभारी रहेंगे । इसके पश्चात इस स्थान के आस-पास रहने वाले सभी निवासी इसे **पीर-बडेसर** के नाम से ही पुकारने लगे ।

हम चाहे किसी भी नाम से पुकारें परन्तु इस दिव्य स्थान पर आए समस्त हिन्दू, मुस्लिम, सिक्ख, बौद्ध तथा इसाई मत के श्रद्धालू यहाँ एक अद्‌भुत आनन्द एवं शान्ति का अनुभव करते हैं और इस

विचित्र अध्यात्मिक स्थली में अपनी इच्छानुसार पूजा अर्चना करते हैं एवं अपनी-२ प्रत्येक मन्नत पूरी हो जाने पर यहाँ पर एक बड़ी घण्टी बाँध कर जाते हैं। इस मन्दिर परिसर के अन्दर तथा बाहर अनेक घन्टियों की बड़ी-२ कतारें दिखाई देती हैं। जो अति सुहावनी लगती है तथा यहाँ का प्रकृतिक वातावरण स्वच्छ, एवं स्वर्ग का सा आभास कराता है।

मन्दिर के व्यवस्थक सिक्ख रेजिमैन्ट के पुजारी जी द्वारा यहाँ अति अधिक नई घन्टियां उपलब्ध करवाने की व्यवस्था की गई है। प्रत्येक घण्टी चढ़ाने वाला इस पर अपना नाम पता आदि भी लिखवा सकता है । इस मन्दिर परिसर के निकट इस से छोटे-२ कई अन्य मन्दिर भी हैं जो भिन्न-२ समय के सिद्ध पुरुषों तथा सन्तों की पूजा स्थली रहे हैं और इन सभी पर एक छोटा-२ शिला लेख खुदे हुए हैं जिन पर उन का नाम तथ समाधि की तिथि लिख रखी है।

वीर-भद्रेश्वर कैसे पहुंचे :- देवादिदेव भगवान शिव के अति विचित्र, अद्भुत, **शिव-गण रूपी संसार भर की एक मात्र** अति शान्त अध्यात्मिक स्थली जो की **जम्मू-कश्मीर के पश्चिमी किनारे** पर हिमालय की **शिवालिक-पर्वत श्रृंखला** की उत्तर-पश्चिमी चोटियों के समूह के मध्य स्थित इस महत्त्वपूर्ण तीर्थ-स्थल पर पहुंचने के लिए **राजौरी जनपद** के डिप्टी-कमीश्नर के कार्याल्य से वहां जाने के लिए लिखित अनुमति लेनी पड़ती है । यह अनुमति ग्रुप्स में भी मिल सकती है । चालक का नाम पता सहित गाड़ी का नम्बर आदि तथा यात्रा की तिथि के विषय में लिखित रूप में देना पड़ता है । अतः राजौरी से चल कर सायं काल तक वापिस राजौरी, कटड़ा या जम्मू तक सुगमता से पहुंचा जा सकता है ।

विश्वविख्यात **माता वैष्णों देवी** के दर्शनार्थ आने वाले यात्रियों को एक सुझाव है कि यदि उनके पास समय का आभाव न हो तो कटड़ा से उत्तर-पूर्व एवं उत्तर-पश्चिम में अनेक अति महत्त्वपूर्ण स्थल देखने लायक हैं । जिनमें उ.पू.की ओर **भद्रवाह** स्थित **कैलाश पर्वत** व **चनौत** में **माता-चण्डी** का मंदिर, **वासूकी-नाग** मंदिर के अतिरिक्त **पत्नीटाप, सन्नासर, सुद्ध-महादेव** व **राम-नगर** के ऐतिहासिक मंदिर हैं । इसी प्रकार कटड़ा से उत्तर-पश्चिम की ओर अद्‌भुत रोमांचकारी ***शिव-खोड़ी*** की गुफा, पुंछ स्थित ***बुड्डे अमरनाथ*** व नंगाली साहिब का गुरुद्वारा, तहसील मेंडर स्थित पौराणिक **राम-कुण्ड, सीता कुण्ड** तथा जिला राजौरी में ***शाहदरा शरीफ*** में **बाबा गुलाम शाह बडशाह** की दरगाह के अतिरिक्त रामगड़ का किला, **चिंगस** में मुगल सम्राट ***जहांगीर*** का किला एवं सराय तथा वीर-भद्रेश्वर मंदिर परिसर देखने लायक हैं। इसके अतिरिक्त तहसील नौशहरा में **पाँच गुफाओं वाला मंगला माता का मन्दिर** तथा **मंगल देवी का किला** अति महत्वपूर्ण स्थल है। बाकी सारे के सारे तीर्थ एवं पर्यटन स्थलों तक जाने के लिए किसी किसम की अनुमति लेने की आवश्यकता नहीं हैं। केवल वीर-भद्रेश्वर मठ व मन्दिर परिसर में जाने के लिए लिखित अनुमति अनिवार्य है।

भगवान शिव के विशेष गण के इस भव्य मंदिर में जाकर पूजा अर्चना करने से मनुष्य की प्रत्येक मनोकामना की पूर्ती हो जाने के उपरान्त पुनः इस भव्य मन्दिर में पहुंच कर वीर-भद्रेश्वर के मन्दिर में घण्टी बाँधते हैं। इसी प्रकार मन्दिर के मेन गेट से लेकर चारों ओर की परिक्रमाओं तक घन्टियों की अनेक कतारें बंधी हुई हैं जो देखने में अति सुहावनी लगती हैं । इस मन्दिर परिसर का हवाई सर्वेक्षण करने से यह एक

चोटी पर निर्मित पूरे का पूरा मन्दिर ही एक शिवालय के सदृश दिखाई पड़ता है जो दूर-२ तक चारों ओर से एक जलहरी जैसा प्रतीत होता है ।

वीर-भद्रेश्वर शिव मन्दिर 'ससालकोट' डूंगी :- जिला रजौरी के सीमावर्ती क्षेत्र की एक ऊँची चोटी पर व्यस्थित वीर-भद्रेश्वर मन्दिर परिसर से मात्र ३० कि.मी. नीचे पहाड़ी क्षेत्र के प्रारम्भ से पहले डूंगी में यहाँ के प्रमुख गाँव वासियों तथा इस क्षेत्र में कार्यरत जागरुक एवं श्रद्धा-वान विभिन्न विभागों के सरकारी मुलाज़िमों के आर्थिक सहयोग के फल स्वरूप ससालकोट-बावली डूंगी में एक अति सुंदर वीर-भद्रेश्वर शिव-मन्दिर का निर्माण हुआ है । जो वीर-भद्रेश्वर का बेस-कैम्प माना जा सकता है । फरवरी २००६ में हुए शिवरात्री के अवसर पर इस भव्य मन्दिर में सफेद संगमरमर के डेड फुट ऊँचे शिवलिंग की स्थापना की गई है । इस अवसर पर आस-पास के सभी क्षेत्रों से आए हुए श्रद्धालुओं ने पूजा अर्चना की एवं हवन व भण्डारा का आयोजन किया। इस सारे कार्यक्रम को प० सुरेश कुमार जी ने बड़ी श्रद्धा एवं निष्ठा से समपन्न करवाया।

वीर-भद्रेश्वर विकास ट्रस्ट का संगठन :- वीर-भद्रेश्वर के समूचे क्षेत्र के साथ-२ वीर-भद्रेश्वर शिव गण के इस अति दुर्लभ मन्दिर परिसर के विकास हेतु इक्कीस सदस्सीय कमेटी का गठन किया गया। यह कमेटी संसार भर के इस एक मात्र अध्यात्मिक स्थल के विकास हेतु कुछ विचित्र एवं निर्णायक कदम उठाएगी जिन में पर्यटन एवं पुरात्तव विभागों की सहायता से इस के उत्थान तथा फौज के अधिकारियों से सम्बन्ध स्थापित कर यहां पर सार्वजनिक तौर पर आने-जाने के प्रतिबन्धों को हटवाने के प्रयासों के

अतिरिक्त माता वैष्णों देवी तथा शिव खोड़ी के स्तर पर वीर-भद्रेश्वर श्राईन बोर्ड का गठन करवाने हेतु कार्य करेगी ।

कुछ सुझाव :- १. वीर-भद्रेश्वर मठ के मन्दिर परिसर में कंई एक ऐसी वस्तुएं हैं जिनका संग्रह इस मठ के मुख्य मन्दिर के पुजारी द्वारा बड़ी दक्षता से किया गया है। जिन में प्राचीन शिलालेख जो फार्सी तथा संस्कृत आदि कई अज्ञात भाषाओं में लिखे पड़े हैं। इस के अतिरिक्त प्राचीन तांबे के बर्तन, पतीले, थाल, परातें, तथा योगियों द्वारा प्रयोग किए जाने वाले कमण्डल एवं कानों में डाली जाने वाली मुद्रिकाएं, पत्थर की मूर्तियां, स्तम्भ, पत्थर के अनेक दरवाजे तथा अनगिनत प्राचीन मुद्राएं तथा प्राचीन मन्दिरों के गुम्बन्दों के टूटे हुए चिन्ह मौजूद हैं । मेरी इस लघु पुस्तक के माध्यम से **भारत सरकार के पुरातत्व विभाग से विनती है** कि वह **विशेषज्ञयों** की एक टीम को इस महत्वपूर्ण स्थल पर भेजें तथा उपरोक्त तथ्यों को प्रमाणित कर के इस मठ में एक **संग्रहालय** का निर्माण करवाने की योजना तैयार कर के इस मठ के निर्माण को प्रमाणिक बनाऐं। ऐसा करना इस लिए भी अनिवार्य हो जाता है क्यों कि वीर भद्रेश्वर भगवान का **विश्व भर में यह एक ही मन्दिर है,** इस के अतिरिक्त दक्षिण भारत में **मल्लिकार्जुन स्थित श्री सेलम ज्योर्तिलिंग** तथा **महाकालेश्वर मन्दिर उज्जैन** में वीरभद्र की एक-२ प्रतिमा स्थापित की गई है। तथा ऋषिकेश (हरिद्वार) से नीलकंठ को जाते हुए एक पहाड़ी पर भी वीर भद्र का छोटा सा मन्दिर निर्मित है। जो बहुत पुराना है।

२- इसके अतिरिक्त एक अन्य सुझाव है कि विश्व भर के इस एक मात्र अति विचित्र स्थल पर भारतीय फौज की तरफ से आने जाने वाले विभिन्न

प्रतिबन्धों को हटा दिया जाए ताकि अधिक से अधिक मात्रा में श्रद्धालु यहां दर्शनार्थ आ-जा सकें ।

३- इस मन्दिर के विकास के लिए वैष्णों देवी तथा शिव खोड़ी के स्तर पर एक श्राईन बोर्ड की स्थापना की जाए, जिस से इस लुप्त होती जा रही अति महत्वपूर्ण स्थली की जानकारी सभी देशवासियों तथा अन्य धार्मिक स्थलों पर आने वाले श्रद्धालुओं को मिल सके।

४- माननीय राज्यपाल, मुख्य मन्त्री, उपमुख्य मन्त्री, शिक्षा मंत्री तथा अन्य सभी विभागों के मंत्रियों-एवं अधिकारियों को इस स्थान पर दर्शनार्थ पधारने का अनुरोध है।

कहा जाता है कि **अमर ज्योती** नामी साधु सहित कई एक अति-विशिष्ट साधु-सन्तों, महात्माओं तथा सन्यासियों ने सन् १९४७ से लेकर १९७१ तक तथा उस से पहले बाल्यावस्था में तपस्या की थी। वह अब भी सन् १९९८ सें अपने अन्य साधुओं की मण्डली के साथ कई गाड़ियों के काफिले में प्रति वर्ष इस मंदिर के दर्शनार्थ पधारते हैं ।

इस स्थल पर देश के गण्मान्य व्यक्तियों में सर्व श्री एस०वी०चौहान, जार्ज फर्नाडिस व मुलायम सिंह यादव, बतौर रक्षा मंत्री एवं **डा. शंकर दयाल शर्मा** बतौर उप राष्ट्रपति सहित कई बड़े-२ नेता गण दर्शन कर चुके हैं। ऐसा यहाँ पर रखे एक रजिस्टर से ज्ञात होता है।

५- हाल ही में जम्मू-कश्मीर राज्य के मुख्य मंत्री तथा भारत के प्रधान मंत्री **श्री मनमोहन सिंह** जी द्वारा दोनों देशों के बीच सी.वी.एम. **कानफिडैन्स बिल्डिंग मेयर** की सद्भावना के अन्तर्गत **ऊड़ी-मुज्जफराबाद,** सड़क मार्ग खोलने के बाद अब **पुंछ-रावलाकोट** को

खोल दिया गया है। इसी के साथ यदि **राजौरी** अथवा **नौशहरा-झंगड़** से **मीरपुर-कोटली** आदि का मार्ग भी खोल दिया जाए तो इस क्षेत्र में सन् १९४७ की लड़ाई के बाद उन्हीं (पी०ओ०के०) के विभिन्न क्षेत्रों से आकर बसे लाखों श्रद्धालुओं को अपने-२ देव-स्थलों के दर्शनार्थ वहां जाने का अवसर प्रदान करवाया जाये तो इस दिशा में एक उचित कदम होगा । साथ ही दोनों देशों के बीच **पर्सन-टू-पर्सन कानटेक्ट** (तालमेल) का एक अच्छा अवसर मिल सकेगा ।

अन्त में लेखक द्वारा अपने वीर-भद्रेश्वर की इस पवित्र घाटी के प्रति श्रद्धा भरे उदगार निम्न कविता में इस प्रकार व्यक्त किए गये हैं :-

वीर-भद्रेश्वर - स्तवन

जिस धरती को कनिष्क जी ने,
यायावरी, बनाया,
जिसने बौद्ध भिक्षों को सारे
जग में फैलाया,
पिटक दम्प-पद मिलिन्द, पुञ्ज में,
कूंजित है जो माटी,
वीर-भद्रेश्वर शिव-गण से
शिवमय हुई जो,
शिव-लिंग रूपी घाटी,
मैं अदना इस पावन धरती के,
बन्दन हेतु आया,
ईश्वर का कृतज्ञ सदा यह
अहो भाग्य जो पाया,

नित्य रामायण के पाठों से
गूंजित है जो माटी,
और गीता के उपदेशों से
नियमित है परिपाटी,
इस शिवमय पावन धाती को
इस अति पवित्र माटी को,
'सागर' का छतः छतः नमन,
इस शिव-लिंग रूपी घाटी को ॥

श्री वीर-भद्रेश्वर चालीसा

गुरुचरणों में शीश नवाऊँ,
वीर-भद्रेश्वर चालीसा गाऊँ,
ज्ञान भक्ति की होवे वर्षा,
पड़े सुने जो रहे न संशय,
जय वीर-भद्रेश्वर शिव दूता,
दीन-दुःखी के भाग्य विधाता,
कृपा तुम्हारी सब पर रहती,
ज्ञान गंगा की धारा बहती,
सफल होहीं सब कार्य हमारा,
नाम जपे जो भक्त तुम्हारा ।
राजा दक्ष ने यज्ञ रचाया,
समस्त देवी-देवों को बुलाया,
भुलाया क्यों महाँदेव शिव भोला,
क्यों नहीं दक्ष का आसन डोला,
मात सति का मन घबराया,
अनिष्ट कोई होने को आया,
सति ने शिव से आज्ञा माँगी,
पिता घर जाने की जिद्ध ठानी,
शिव-भोले हैं अन्तरयामी,

की शिव ने कुछ आना-कान्ही,
त्रिया-हठ सति ने दिखलाया,
दक्ष के घर जा उधम मचाया,
मात मेनका ने बहुत समझाया,
सति का मन यह मान न पाया,
दक्ष ने शिव को क्यों न बुलाया,
शिव रहित यज्ञ क्यों कर रचाया,
दक्ष ने सति की एक न मानी,
यज्ञ शुरु किया द्वेश में आनी,
शिव अनादर सति सह न पाई,
हवन कुण्ड में जान गवाई,
शिव ने क्रोध में जटा उखाड़ी,
धरती ऊपर आन पछाड़ी,
वीर-भद्रेश्वर उपजे उत्तर से,
प्रकटी **भद्रकाली** दक्षिण से,
हाथ जोड़ कर शिव के सन्मुख,
वीर-भद्र हुए नत्मस्तक,
शिव ने कहा दक्ष घर जाओ,
दक्ष-यज्ञ विध्वन्स कर आओ,
मेनका दक्ष को जीवित लाओ,
जो रोके उसे मार गिराओ,
वीर-भद्र भू लोक पधारे,
दक्ष-दूत चहूं ओर निहारें,
योद्धा विचित्र भूमि पे उतारे,
दक्ष के दूत समस्त पछाड़े,
स्वयं दक्ष ने युद्ध जब कीन्हां,
भद्रेश्वर ने बध करी दीन्हा,
सब देवों ने बिनती कीन्हीं,
दक्ष प्राणों की भिक्षा दीन्हीं,
शिव भोले ने युक्ति जुटाई,

मेष मुण्डिका दक्ष को लगाई,
बम-२ करी जब दीन्हीं दुहाई,
ब्रह्मा जी ने वाणी लौटाई,
शिव भोले क्रुध्द हुए भारी,
रुद्र रूप बना प्रलय कारी,
सति-शव लिए उड़े शिव भोले,
भयभीत त्रिलोकी तब डोले,
समस्त देवों ने युक्ति कीन्हीं,
विष्णु जी की स्तुती कीन्हीं,
विष्णु जी सुदर्शन चक्र चलाएं,
सति के अंग भंग करि धाएं,
जहाँ-२ अंग गिरे माता के,
शक्ति पीठ बन भू पर उबरे,
रुद्र-रूप शिव शान्त हुए जब,
समस्त देव नत्मस्तक हुए तब,
रुद्र रूप त्रिलोक विशिष्टा,
पूजे संसार तुम्हें कर निष्टा,
तुम्हारी कृपा से कष्ट कलेशा,
दूर करें सब राग-द्वेषा,
भद्रेश्वर आज्ञा पूर्ण कर,
उड़ि चले कैलाश पर्वत पर,
उड़ी-२ चलें शिव-रुप वीर वर,
उतरे आई भद्रेश्वर चोटी पर,
क्षण में मन्दिर निर्मित कीन्हा,
रात्री भर विश्राम यहाँ कीन्हा,
''वीर-भद्रेश्वर'' मठ पर जाई,
हवन करे एकाग्र चित होई,
शिव-रात्री पर जो नर जाई,
चार पहर की महिमा गाई,
दुःख-दरिद्र वा के मिटि जाई,

शिव भोला रहे सदा सहाई,
तुझ सम रुद्र रूप नहीं दूजा,
तुम्हारी महिमा जप, तप, पूजा,
कलयुग में जो तुम्हें ध्याता,
भद्रेश्वर सब दुःख दूर भगाता,
जो नर भक्ति तुझ पर वारे,
शिव-भोला उसके कष्ट निवारे,

दोहाः- भद्र-वीर रक्षा करें, कहे 'सागर' निंशंक ।
जो आया शरण तिहारी प्रभु, पार करो भरी अंक ॥

ॐ शिव स्वरुपाये नमः, ॐ वीर-भद्रेश्वराय नमः ॐ
ॐ शिव दूताए नमः, ॐ वीर-भद्रेश्वराय नमः ॐ

ॐ भद्रकालिके नमः, वीर-भद्रेश्वराय, सहस्रानि नमः
महादेवाय नमस्तुभयम, नमस्तुभयम सति-मातेश्वरी

आरती वीर-भद्रेश्वर जी की

आरती वीर भद्रेश्वर जी की ।
दुर्लभ शिव गण रुद्र मनी की ॥
दुष्ट दलन शिव भक्त प्रिये की ।
आरती वीर भद्रेश्वर जी की ।
राजा दक्ष ने दृष्टता कीन्हीं ॥
शिव-विमुख होई अनिष्टता कीन्हीं ।
शिव अर्धांगिनि, सति के हिये में ॥
हीन भावना बल कर दीन्हीं ।
पिता - गृह जाई अनिष्टता कीन्हीं ॥
यज्ञ में कूदी प्राण तजि दीन्हीं ।
मात मेनका रुदन अति कीन्हीं ॥
शिव भोंले के क्रुद्ध स्वरुपा ।
है तुम्हरा स्वरूप अति भूपा ॥
कल-युग में जिस भद्र-स्तुति गाई ।

वीर - भद्रेश्वर हुए सदा सहाई ॥
आरती वीर भद्रेश्वर जी की ।
दुर्लभ शिव - गण रुद्र मनी की ॥
वीर-भद्रेश्वर की स्तुति करे जो बारम्बार ।
श्रद्धा भक्ति से तभी "सागर" हो भव पार ॥
वीर भद्रेश्वर की जय, **उमा पति महादेव** की जय
भद्रकाली जी की जय, माता **सति** की जय
सिया वर **राम चन्द्र** की जय, **वीर हनुमान** की जय,
अपने-२ गुरु गोबिन्द की जय, **भोले शंकर** की
जय।

भाग-दो

वरिष्ट पूजा-संग्रह

प्रारम्भिक सन्ध्या पूजाः- बायें हाथ में जल लेकर नीचे लिखे मंत्र पढ़ते हुए कुशा से शरीर पर छिड़कें ।

१. आसन व शरीर शुद्धि-मंत्रः-

ॐ अपवित्रः-पवित्रो वा सर्वावस्थाँ गतोऽपि वा । यः स्मरेत पुण्डरीकाक्षं स बह्याभ्यन्तरः शुचिः ।
(इस मंत्र का उच्चारन करते हुए तीन बार अपने ऊपर जल छिड़कें।)

२. वैष्वणवाचमनम् :- ॐ केशवाय नमः । ॐ नारायणाय नमः । ॐ माधवाय नमः ।

हस्त प्रक्षालनम :- ॐ गोविन्दाय नमः । ॐ श्री प्रमात्मणे नमः ।

३. अंग न्यासः- नीचे लिखे मंत्र से अंग स्पर्श :- ॐ अस्त्राय फट्। ॐ वाक् वाक् । ॐ प्राणः प्राणः । ॐ चक्षु चक्षु । ॐ स्रोत्रं स्रोत्रं । ॐ नाभि । ॐ हृदयम् । ॐ कण्ठा। ॐ शिरा । ॐ बाहूभ्याम् यशोवतः । ॐ करतल कर पृष्ठे।

४. विनीयोग :- ॐ पृथ्वीति मंत्रस्य मेरु पृष्ठ ऋषि सुतलंछन्दः कूर्मो देवता आसन शोधने विनीयोगः ।

५. पृथ्वी प्रार्थना :- *इस मंत्र सें आसन पर जल छिड़कें* "ॐ पृथ्वी त्वयां घृता लोका देवि त्वं विष्णुनां घृता । त्वं च धारय मां देवि पवित्रं कुरुचासनम् ।

६. प्रतिज्ञा संकल्प :- ॐ विष्णुः विष्णुः विष्णुः श्री मदभ्गवते महा पुरुषस्यविष्णों राक्षया-प्रवर्तमानसः अद्य श्री ब्रह्मनोद्धितीय परार्द्धे श्री श्वेतवाराह-कल्पे वैवस्वत मनवन्तरे अष्टाविंशतितमे कलियुगे कलिप्रथम चरणे भरतवर्षे जम्बू द्वीपे आर्या वर्तैक (जम्मु-कश्मीर) देशान्तरगते अमुक क्षेत्रे...वौद्धावतारे अस्मिन वर्तमान अमुक... नामसंवत्सरे अमुकायने... अमुक ऋतौ... अमुक मासे.. अमुक पक्षे..., अमुक तिथौ..., अमुक वासरे..., अमुक गोत्रः..., अमुकशर्मा... मम आत्मनः श्रुति स्मृति पुराणोक्त फल प्राप्त्यर्थं कायिक वाचिक मानसिक सांसर्गिक चतुर्विद्यपातक-दरितक्षय द्वारा धर्माथकाम मोक्षचतर्विद्य पुरुषाजं प्राप्त्र्यथम् श्री परमेश्वर प्रीत्यर्थ क्रियमानों.. (५१ सहस्र) जप कर्म करिष्ये ।

७. दीप-ज्योति प्रज्वलन मंत्रः-

ॐ दीपो-ज्योतिः परम-ब्रह्मः दीपो-ज्योति जनार्दनः,
दीपो हरतु मे पापं सन्ध्यादीप नमोऽस्तुते ।
शुभं करोतु कल्याणं आरोग्य सुखःसंम्पदाम,

मम बुद्धि प्रकाशं च, दीप-ज्योतिर्न नमोऽस्तुते ।

८. नव-गृह पूजा मंत्र :-

ब्रह्म-मुरारी स्त्रिपुरांतकारी, भानुः,
शशि, भूमिसुतो, बुद्धश्च ।
गुरूश्चशुक्रः, शनि-राहु-केतवा,
सर्वे-ग्रहः शान्तिकरा भवन्तु ॥

९.सभी ग्रहों के बीज मंत्र :-

सूर्य : ऊँ ह्राँ ह्रीं ह्रों सः सूर्याय नमः
चन्द्र : ऊँ श्राँ श्रीं श्रों, सः चन्द्रमसे नमः
मंगल : ऊँ क्राँ क्रीं क्रों सः भौमाय नमः
बुद्ध : ऊँ ब्राँ ब्रीं ब्रौं सः बुधाय नमः
गुरु : ऊँ ग्राँ ग्रीं ग्रौं सः गुरुवे नमः
शुक्र : ऊँ द्राँ द्रीं द्रौं सः शुक्राय नमः
शनि : ऊँ प्राँ प्रीं प्रों सः शनेश्चराय नमः
श्राहु : ऊँ भ्राँ भ्रीं भ्रों सः राहुवे नमः
केतु : ऊँ स्त्राँ स्त्रीं स्त्रों सः केतुवे नमः

१०.बुद्धि मंत्र :- *ऊँ ह्राँ ह्रूं श्रीं ह्रीं भगवते महा मत्स्याय नमः बुद्धि मे देहि-देहि स्वाहः*

इस मंत्र की एक माला प्रतिदिन स्फटिक माला से करनी चाहिए । अज्ञानता से मुक्ति प्राप्त होगी । परीक्षा से पूर्व ११ बार इस मंत्र का जप करके जाने से परीक्षा फल अच्छा होगा ।

११. **गुरु बन्दना :-**

गुरुं ब्रह्मा गुरुं विष्णु गुरुं देवो महेशवरां ।
गुरुं साक्षात परंमब्रह्म तस्मे श्री गुरुवे नमः ॥
गुरु मूर्ति मुख चन्द्रमा सेबक नैन चकोर ।
अष्ट पहर निरखत रहुँ गुरु मूर्ति की ओर ॥
एक घड़ी आधी घड़ी, आधी से पुणिः आध ।

तुलसी संगत साधु की हरे कोटि अपराध ॥
सियावर राम चन्द्र की जय, गुरू गोविन्द की जय॥

परम् पूज्य गुरुदेव १००८ ब्रह्म ऋषि बाबा दूधाधारी बर्फानी जी महाराज की आरती

हे मेरे गुरुदेव करुणा सिन्धु करुणा कीजिए ।
हूँ अदम आधीन अशरण अब शरण में लीजिए ।
खा रहा गोते हूँ मैं भव सिन्धु के मझदार में ।
आसरा है दूसरा न अब कोई संसार में ।
मुझ में है जपतप न साधन ओर नहीं कछु ज्ञान है।
निर्लजता है एक बाकी और बस अभिमान है ।
पाप बोझे से लदी नेईया भंवर में जा रही ।
नाथ दोड़ो आ बचावो जल्दी डूबी जा रही ।
गुरुजी आप दोड़ो आ बचावो जल्दी डूबी जा रही ।
आप भी यदि छोड़ दोगे फिर कहाँ जाऊँगा मैं ।
जन्म दुःख की नाव कैसें पार कर पाऊँगा मैं ।
सब जगह मंजिल भटककर अब शरणली आपकी ।
पार करना या न करना दोनों मरजी आपकी ।
हे मेरे गुरु देव करुणा सिन्धु करुणा कीजिए ।
हूँ अदम आधीन अशरण अब शरण में लीजिए ।
